RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
4th Year Anniversary
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



### गुस्ताखी माफ

बाकी देशों से कई, बढ़ा रहे हम मेल।
वे भी अब देंगे हमें, पीपे भर-भर तेल।
पीपे भर-भर तेल, नहीं अब होगी किल्लत।
रेट बढ़ेगा जरा, यही बस होगी दिक्कत।
कह साहिल कविराय, नहीं डूबेगी नैया।
बढ़ा रहे हम मेल, कई देशों से भैया।


– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 69 | MONDAY 23-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# चंडीगढ़ सेक्टर 38 में सरेआम फायरिंग: पुरानी रंजिश में एक्टिवा सवार युवक को बनाया निशाना, केस दर्ज

अजीत झा,
चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। शहर में कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए सेक्टर-38अ में रविवार शाम ठीक 4:58 बजे सरेआम फायरिंग की सनसनीखेज घटना सामने आई। मकान नंबर 740 के बाहर एक एक्टिवा सवार युवक को निशाना बनाकर अज्ञात हमलावर ने गोली चलाई और फरार हो गया। राहत की बात यह रही कि युवक बाल-बाल बच गया, लेकिन इलाके में दहशत फैल गई।







### पुलिस मुख्यालय तक दी शिकायत

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय तक शिकायत पहुंचाई थी, लेकिन इसके बावजूद उन पर हमला हो गया। अब उन्होंने सेक्टर-39 थाना पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना

जांच में सामने आया है कि हमलावर की तस्वीरें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली है और गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### मौके पर हाई अलर्ट, सर्च ऑपरेशन

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और खुफिया एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया और संदिग्धों की तलाश तेज कर दी गई।

### पुलिस का दावा जल्द गिरफ्तारी

*मामले पर साउथ वर्स्ट डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि पीड़ित के परिजनों की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी से कुछ संदिग्ध आरोपियों की पहचान कर ली हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीमे गठित की हैं जल्द आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगें*



### शहर की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग ने चंडीगढ़ की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। रिहायशी इलाके में इस तरह की घटना से लोगों में भय का माहौल है और उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने व आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

### रंजिश बनी हमले की वजह ?

पीड़ित शम्मी (सेक्टर-38 निवासी) ने खुलासा किया कि उनका मिंटू रसल और उसके साथियों के साथ पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि ये लोग नशे के कारोबार से जुड़े हैं, जिसकी शिकायत पहले भी पुलिस को दी जा चुकी है। शम्मी का कहना है कि इसी रंजिश के चलते उन्हें लगातार धमकियां मिल रही थीं और अब जानलेवा हमला किया गया।

PRAYER MEETING



Late Shri Tilak Raj Jairath

A Prayer Meeting followed by Bhog will be held to pray for the eternal peace of the departed soul.

Durga Mata Mandir, Sarabha Nagar, Ludhiana
Date: 23rd March, 2026
Langar: 1 pm - 2 pm | Prayer: 2 pm - 3 pm

IN GRIEF

- Saroj Jairath
- Mohit Jairath
- Saloni & Sachin Mahajan
- Shilpy & Amit Arora
- Navita & Navneet Jairath
- Savita & Bikram Bembi
- Gunjan & Nishant Jairath
- Nisha & Vishal Kalia
- Asha & Kuldeep Jairath
- Pallavi & Hitesh Jairath

Malhotra, Chadha & Bandha Family




## पंजाब में मान सरकार में हो रही आम आदमी की सुनवाई ?

# डीएम सुसाइड केस: पूर्व मंत्री, पिता और पीए पर FIR, विपक्ष का चंडीगढ़ में प्रदर्शन, 35 करोड़ कमाई से जुड़ा है टेंडर विवाद

### पीड़ित परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक संस्कार न करने का किया ऐलान





चंडीगढ़ प्रदर्शन करने पहुंचे विपक्षी लीडर, पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर व पिता सुखदेव भुल्लर

पंजाब/यूटर्न/22 मार्च। तरनतारन में वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड केस मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में जहां सीएम भगवंत मान द्वारा शनिवार को मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर का मंत्री पद से इस्तीफा ले लिया गया था। वहीं देर रात अमृतसर के रणजीत एवेन्यू थाने में पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, उनके पिता सुखदेव सिंह भुल्लर और पीए दिलबाग सिंह पर सुसाइड के लिए उकसाने समेत कई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं अब इस मामले में डीएम की सरकारी टीचर पत्नी उपिंदर कौर व परिवार सामने आया है। परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक संस्कार न करने का ऐलान किया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस परिवार को संस्कार कराने में लगी है। इस मामले में विपक्षी पार्टियां कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा द्वारा चंडीगढ़ में प्रदर्शन किया गया। सभी नेता आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सीएम हाउस जा रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में बैरिकेडिंग कर रोका और पानी की बौछारें चलाई। जिसके बाद शिअद नेता बिक्रम मजीठिया, सांसद गुरजीत औजला, विधायक प्रताप सिंह बाजवा, भाजपा प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़, भाजपा के अरुण सरीन समेत कई लीडरों को हिरासत में ले लिया गया। वहीं इस मामले की अब परतें खुलनी शुरू हो चुकी है। हालांकि पंजाब की मान सरकार द्वारा अपने मंत्री से पद वापिस लेकर और एफआईआर दर्ज करवाकर यह साबित कर दिया कि आप पार्टी आम लोगों की पार्टी है। अब क्या जनता इसे स्वीकार करती है या नहीं, यह आने वाला समय ही बताएगा।

### लगातार धमकियां मिल रहीं थी



पत्नी उपिंदर ने कहा कि पूर्व मंत्री भुल्लर के पिता को टेंडर न मिलने पर वह दबाव डालने को लगातार धमकी दे रहा था। इसलिए बच्चे मामा के घर भेज दिए। मैं भी स्कूल की ड्यूटी से मायके जाती थी। वहीं रंधावा की मां ने कहा कि झाड़ू वाले मेरे बेटे को खा गए। इन्होंने मेरे घर में ही झाड़ू फेर दिया। उपिंदर का आरोप है कि मंत्री भुल्लर कहता था कि सभी गैंगस्टर उन्हीं के पाले हुए हैं। उन्हें बस एक इशारा करने की जरुरत है। अगर तू मेरे नियमों को नहीं मान सकता तो तुझे जिंदा रहने का हक नहीं, तू जहर खा ले। इसके बाद पति ने शनिवार सुबह सुसाइड किया था।

### टेंडर से होनी थी 10 साल में 35 करोड़ की कमाई

यह विवाद प्राइवेट एंटरप्रेन्योरशिप गारंटी (पीईजी) स्कीम के तहत तरनतारन में पंजाब स्टेट वेयरहाउस के टेंडर से जुड़ा है। इसका विवाद 2 फर्मों पूर्व मंत्री भुल्लर के पिता सुखदेव सिंह भुल्लर और मैसर्ज बाबा नागा एग्रोटेक लिमिटेड के बीच है। दोनों में 17 एकड़ में बनने वाले वेयरहाउस का टेंडर लेने की होड़ थी। इस टेंडर के जरिए 10 साल में 35 करोड़ की कमाई होनी थी। वेयरहाउसिंग कॉपोरेशन ने 2025 में भिखीविंड (पट्टी) में 50 हजार मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम बनाने के लिए टेंडर निकाला था। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य पट्टी रेलवे स्टेशन के पास अनाज स्टोर करना था ताकि वहां से अनाज आसानी से ट्रेनों में लोड होकर दूसरे राज्यों में जा सके।

### बाबा नागा कंपनी की खुली फाइनेंशियल बिड

इस टेंडर के लिए कई कारोबारियों ने हिस्सा लिया। टेंडर की रेस में पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के आढ़ती पिता सुखदेव सिंह भुल्लर और मैसर्ज बाबा नागा एग्रो टेक लिमिटेड बच गए। टेंडर की फाइनेंशियल बिड मार्च 2026 में मैसर्ज बाबा नागा एग्रो टेक लिमिटेड के नाम खुली, जिस पर सुखदेव सिंह भुल्लर ने आपत्ति जताई।

### सुखदेव भुल्लर ने जताई आपात्ति

विवाद तब शुरू हुआ जब मार्च 2026 में विभाग ने मैसर्ज बाबा नागा एग्रो टेक लिमिटेड की फाइनेंशियल बिड खोल दी। सुखदेव सिंह भुल्लर ने इस पर ऐतराज जताते हुए विभाग को लेटर लिखा। इसमें आरोप लगाया कि बबा नागा के गोदाम बनाने को प्रस्तावित जमीन गांव उसमा में है जो तरनतारन से सटा है। नियम के मुताबिक टेंडर पट्टी इलाके के लिए था, लेकिन जमीन तरनतारन की दिखाई गई। आरोप है कि टेंडर की शर्त के उलट पट्टी से करीब 20-25 किमी दूर दिखाई जमीन के लिए बिड खोल दी गई। जबकि दूरी 8 किलोमीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। भुल्लर ने डिपार्टमेंट को लिखे लेटर में कहा कि अगर गोदाम पट्टी के बजाय तरनतारन (उसमा) में बनता है, तो ढुलाई पट्टी से वापस तरनतारन की तरफ होगी। इसे तकनीकी भाषा में बैकवर्ड मूवमेंट बताया गया। इससे ट्रकों के चक्कर बढ़ेंगे और सरकार को करोड़ों रुपए का बोझ पड़ेगा।

**डीएम ने कहा था कि टेंडर में सीधा सेंटर सरकार का रोल...**वहीं डीएम गगनदीप रंधावा की पत्नी द्वारा कुछ शिकायतें दिखाई गई हैं। इन शिकायतों को उन्होंने पंजाब के मेनेजिंग डायरेक्टर गौत्तम जैन, फूडग्रेन फिल्ड एंप्लायज यूनियन प्रधान विनय शर्मा और डीसी तरनतारन एस. राहुल को भेजा था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि यह टेंडर अकेले उनके कहने पर नहीं बल्कि पूरी कमेटी द्वारा फाइनल किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस टेंडर को केंद्र सरकार की एससीआई द्वारा देखा जाता है। उन्होंने ही टेंडर लगाना और कैंसिल करना होता है।

**जानें क्या है PEG स्कीम और इसका फायदा...**प्राइवेट एंटरप्रेन्योरशिप गारंटी (पीईजी) स्कीम केंद्र सरकार की योजना है। इसके तहत सरकार खुद गोदाम बनाने के बजाय कारोबारियों को गोदाम बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। सरकार गोदाम के लिए किराया भरती है। जमीन खरीदने के झंझट और मेंटिनेंस से बचने के लिए सरकार ने ये स्कीम चलाई है। कारोबारी अपनी जमीन खरीदकर गोदाम बनाता है और सरकार उसे 10 साल तक किराया देने की गारंटी देती है। भले ही गोदाम खाली रहे, सरकार किराया चुकाती है। इसीलिए इसे जीरो रिस्क बिजनेस माना जाता है।

**टेंडर में वेयरहाउस डिस्ट्रिक्ट मैनेजर की क्या भूमिका...**वेयर हाउस डीएम इस पूरी टेंडर प्रक्रिया में विभाग की ग्राउंड रिपोर्ट देता है। वहीं उनके साथ कमेटी की भी रिपोर्ट बनती है। उसी रिपोर्ट पर टेंडर निकलता है। हालांकि इसमें कम बोली की भी भूमिका रहती है। डीएम की जिम्मेदारी वेयरहाउस बनाने के लिए प्रस्तावित जमीन की मौके पर जाकर वेरिफिकेशन करना रहती है। वही इसके लिए सर्टिफिकेट जारी करता है।

**गोदाम बनाने वाले को होता करोड़ों का फायदा...**प्राइवेट एंटरप्रेन्योरशिप गारंटी (पीईजी) स्कीम के तहत 50 हजार टन कैपेसिटी का गोदाम सरकार ने 10 साल की रेंटल गारंटी पर लेना था। इस स्कीम के तहत शर्त है कि अगर आपका गोदाम एक बार रेंट पर ले लिया तो सरकार द्वारा 10 साल किराया भरना होता है। इसके बाद गोदाम पूरी तरह आपका हो जाएगा। सरकार आमतौर पर 4 रुपए 50 पैसे से 6 रुपए 50 पैसे प्रति क्विंटल प्रति माह का किराया देती है। इस तरह से लगभग 10 साल में 35 करोड़ का किराया मिलता।

# सोने की कीमतों में हफ़्ते भर में भारी गिरावट; 24 कैरेट सोना 1.36 लाख प्रति 100 ग्राम सस्ता हुआ

## पोलैंड सोना बेच रहा है, लेकिन क्यों?



चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। भारत में सोने की कीमतों में पिछले एक हफ़्ते में भारी गिरावट देखने को मिली है। 24 कैरेट सोना लगभग 1.36 लाख प्रति 100 ग्राम सस्ता हो गया है, जो बुलियन बाजार में एक बड़े बदलाव का संकेत है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत 15 मार्च को 15,966 रुपए प्रति ग्राम से गिरकर 22 मार्च को 14,597 रुपए प्रति ग्राम हो गई। थोक के हिसाब से देखें तो, इसी दौरान 100 ग्राम सोने की कीमत लगभग 14.59 लाख रुपए से घटकर 13.23 लाख रुपए रह गई। सोने की दूसरी किस्मों की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई है। 22 कैरेट सोने का भाव 13,380 रुपए प्रति ग्राम रहा, जबकि 18 कैरेट सोने की कीमत 10,948 रुपए प्रति ग्राम रही। चांदी की कीमतों में भी गिरावट का यही रुख देखने को मिला। 15 मार्च को यह धातु लगभग 2.75 लाख रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 22 मार्च को गिरकर 2.45 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। यह एक हफ़्ते में आई बड़ी गिरावट को दिखाता है।

**गिरावट के पीछे वैश्विक कारण...**सोने की कीमतों में आई गिरावट के पीछे वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों का मिला-जुला असर माना जा रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव और ईरान-अमेरिका के बीच के हालात के चलते कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ा है। साथ ही, इस बात की उम्मीद भी है कि वर फेडरल रिजर्व लंबे समय तक ब्याज दरें ऊंची रख सकता है। इस वजह से निवेश के तौर पर सोने का आकर्षण कम हुआ है। जानकारों का कहना है कि निवेशक अब वर डॉलर जैसी लिक्विड एसेट्स (आसानी से बेची जा सकने वाली संपत्तियों) की ओर ज्यादा रुख कर रहे हैं। इसी वजह से बुलियन बाजारों में लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

**आगे का नजरिया...**बाजार के जानकारों का मानना है कि आने वाले समय में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। वैश्विक अनिश्चितताएं और मौद्रिक नीति से जुड़े फैसले कीमतों की चाल को प्रभावित करते रहेंगे। हालांकि, कीमतों में आई हालिया गिरावट से खुदरा मांग में तेजी आ सकती है। खासकर, गहने खरीदने वाले लोग इस गिरावट को खरीदारी का एक अच्छा मौका मान सकते हैं।

**पोलैंड बेच रहा सोना...**पोलैंड सोना क्यों बेच रहा है? पोलैंड के नेशनल बैंक के गवर्नर एडम ग्लैपिंस्की ने बुधवार को कहा कि पोलैंड के पास सोने के भंडार पर हुए अवास्तविक मुनाफे का इस्तेमाल करके सैन्य खर्च को पूरा करने का एक अनोखा मौका है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने इस प्रस्ताव में ₹बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं₹ दिखाई है। पिछले हफ़्ते, पोलैंड के राष्ट्रपति कैरोल नवरोकी ने रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए यूरोपीय संघ के 'सिक्योरिटी एक्शन फॉर यूरोप' (रअऋए) कार्यक्रम से मिलने वाले फंड के बजाय, सेंट्रल बैंक के भंडार का इस्तेमाल करने की एक योजना की घोषणा की थी। इस कदम से, यूरोपीय संघ समर्थक सरकार के साथ चल रहे उनके टकराव में एक नया मोर्चा खुल गया है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

पेज 06
हरिपुर में चतुर्थ नवरात्रि पर माता सुकराला में मनाया ...





## नाकाबंदी में 22 ग्राम कोकीन के साथ तस्कर काबू

लालड़ू, यूटर्न, 22 मार्च। लेहली पुलिस चौकी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक नशा तस्कर को 22 ग्राम कोकीन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजीव कुमार निवासी सेक्टर-20, पंचकूला (हरियाणा) के रूप में हुई है। चौकी इंचार्ज गुरविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम टी-प्वाइंट लेहली चेक प्वाइंट पर नियमित पेट्रोलिंग और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक अंबाला की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया, जो एक वाहन से उतरकर पैदल चल रहा था। पुलिस को देखकर वह घबरा गया और तुरंत दिशा बदलकर लालड़ू की ओर जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखी। इसी दौरान आरोपी ने अपनी पैंट की जेब से एक लिफाफा निकालकर सड़क किनारे खाई में फेंक दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया और फेंके गए लिफाफे को बरामद कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान लिफाफे से 22 ग्राम कोकीन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।


## डेराबस्सी मे गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, नशा करने के आदी दो युवक गिरफ्तार

डेराबस्सी/यूटर्न/22 मार्च। डेराबस्सी के मुबारकपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नशा करने के आदी दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामले की जांच कर रहे एएसआई लखविंदर सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ गश्त और चेकिंग के दौरान बस स्टैंड मुबारकपुर में मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें एक खास मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति, जो चिट्टा समेत नशा करने के आदी हैं, पेट्रोल पंप के पीछे ढेहा बस्ती मीरपुर-मुबारकपुर में नशा कर रहे हैं और आगे भी नशा करने की फिराक में हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर रेड की और दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान रवि पुत्र श्याम लाल निवासी बैंक वाली गली, मुबारकपुर डेराबस्सी और रजत पुत्र रविंदर निवासी गली नंबर 6, प्रीत नगर, गुलाबगढ़ रोड डेराबस्सी के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी।



# मोहाली में पर्ल्स स्कैम का गहरा जाल: ₹22,000 करोड़ की संपत्तियां अटैच, जमीन घोटाले की परतें खुलीं

मोहाली/चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। देश के सबसे बड़े रियल एस्टेट घोटालों में शामिल पर्ल्स ग्रुप (PACL) का मोहाली कनेक्शन अब और गहराता जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा ₹22,000 करोड़ से अधिक की संपत्तियां अटैच किए जाने के बाद शहर और आसपास के इलाकों में जमीन सौदों पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। ताजा कार्रवाई में ₹5,000 करोड़ से ज्यादा की संपत्तियां जब्त की गई हैं, जिनमें पंजाब क्षेत्र की कई अहम जमीनें भी शामिल बताई जा रही हैं।




### मोहाली कनेक्शन क्यों अहम?

जांच एजेंसियों के मुताबिक, पर्ल्स ग्रुप ने निवेशकों को प्लॉट और भारी रिटर्न का लालच देकर हजारों करोड़ रुपये जुटाए। लेकिन मोहाली और जीरकपुर जैसे इलाकों में जिन प्रोजेक्ट्स का सपना दिखाया गया, उनमें से कई या तो कागजों तक सीमित रहे या फिर अवैध तरीके से जमीन बेच दी गई।

मोहाली के सेक्टर-100, 104 और आसपास के क्षेत्रों में ग्रुप की बड़ी लैंड बैंकिंग सामने आई है। आरोप है कि यहां बिना पूरी मंजूरी के प्लॉटिंग और बिक्री की गई। कई मामलों में निवेशकों को जमीन का कब्जा तक नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी पहले ही इन सौदों को संदिग्ध बताते हुए कई लेनदेन को गैरकानूनी करार दे चुकी है।

सूत्रों के अनुसार, अब जांच एजेंसियां मोहाली में ग्रुप की हर संपत्ति की मैपिंग कर रही हैं। जिन जमीनों पर अवैध कब्जा या गलत तरीके से बिक्री हुई है, उन्हें चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में इन संपत्तियों की नीलामी कर निवेशकों को राहत देने की योजना है, लेकिन प्रक्रिया लंबी और जटिल बताई जा रही है। इस घोटाले ने मोहाली के रियल एस्टेट सेक्टर की साख पर भी असर डाला है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस मामले ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना वैध मंजूरी और जांच के निवेश करना कितना जोखिम भरा हो सकता है।

स्पष्ट है—मोहाली में पर्ल्स ग्रुप का जमीन घोटाला सिर्फ आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि हजारों निवेशकों के भरोसे पर सबसे बड़ा आघात बन चुका है, जिसकी गूंज अभी और तेज होने वाली है।

Happy Birthday



Shivam Vasan

Happy Birthday



Sunny upal

# मोहाली बना रियल एस्टेट का नया 'गोल्डमाइन', करोड़ों के डील्स से बाजार गरम

## होमलैंड - VRC की 1000 करोड़ के निवेश के साथ मेघा एंट्री, मिक्स्ड-यूज प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा

मोहाली/चंडीगढ़ 22 मार्च। सीमा क्षेत्र इस समय रियल एस्टेट के सबसे बड़े हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है। हाल ही में होमलैंड ग्रुप और वीआरसी (श्फ्ल) के बीच हुए हाई-वैल्यू जमीन सौदों ने पूरे बाजार में नई ऊर्जा भर दी है। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ बॉर्डर पर ढर स्कूल के नजदीक जमीन 70 करोड़ प्रति एकड़ की रिकॉर्ड कीमत पर खरीदी गई, जो इस क्षेत्र के इतिहास के सबसे महंगे सौदों में शामिल है। वहीं, सेक्टर-62 (डाउनटाउन मोहाली) में 47 करोड़ प्रति एकड़ की डील ने निवेशकों का भरोसा और मजबूत कर दिया है।




इन सौदों के साथ ही 1000 करोड़ से अधिक के विशाल निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस निवेश के तहत करीब 50 लाख वर्ग फीट में फैला एक भव्य मिश्रित-उपयोग (मिक्स्ड-यूज) प्रोजेक्ट विकसित किया जाएगा, जिसमें अल्ट्रा-लग्जरी रिहायशी टावर, प्रीमियम रिटेल स्पेस, मॉडर्न ऑफिस हब और विश्वस्तरीय लाइफस्टाइल सुविधाएं शामिल होंगी। रियल एस्टेट विशेषज्ञों के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट सिर्फ एक डेवलपमेंट नहीं, बल्कि मोहाली के शहरी ढांचे को नए आयाम देने वाला परिवर्तन साबित होगा। यह मॉडल ह्वालाइव, वर्क और प्लेह्व कॉन्सेप्ट पर आधारित होगा, जो आधुनिक शहरी जीवनशैली की नई परिभाषा तय करेगा। चंडीगढ़ की नजदीकी, तेजी से विकसित होता इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी और कॉर्पोरेट सेक्टर का विस्तार और बेहतर कनेक्टिविटी—ये सभी कारक मोहाली को निवेश के लिए बेहद आकर्षक बना रहे हैं। यही वजह है कि यहां प्रॉपर्टी की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है और बड़े निवेशक इस बाजार में आक्रामक तरीके से प्रवेश कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा समय 'स्मार्ट इन्वेस्टमेंट' का सही मौका है। सही लोकेशन पर किया गया निवेश आने वाले वर्षों में कई गुना रिटर्न दे सकता है। साफ है—मोहाली अब सिर्फ बढ़ नहीं रहा, बल्कि उत्तर भारत के सबसे प्रीमियम रियल एस्टेट हब के रूप में तेजी से उभर रहा है।

## सिंगर गुरु रंधावा को हाईकोर्ट से राहत, गाने सिरा के खिलाफ चल रही कार्यवाही पर रोक

मोहाली/यूटर्न/22 मार्च। पंजाबी पॉप स्टार गुरु रंधावा के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने उनके गाने 'सिरा' (Sirra) को लेकर चल रहे एक आपराधिक मामले में सभी कार्यवाहियों पर फिलहाल रोक लगा दी है। जस्टिस सूर्य प्रताप सिंह ने रविवार को सुनवाई के दौरान समराला की ट्रायल कोर्ट के आदेश को प्रक्रियात्मक रूप से गलत माना है। सुनवाई के दौरान रंधावा के वकील तेजेश्वर सिंह और तरुषी मोंगा ने दलील दी कि निचली कोर्ट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अनिवार्य नियमों की अनदेखी की है। कानून के मुताबिक, किसी भी आरोपी को नोटिस जारी करने से पहले शिकायतकर्ता के प्रारंभिक साक्ष्य दर्ज करना अनिवार्य है, जो इस मामले में नहीं किया गया।



## आप विधायक ने बुजुर्ग को स्टेज पर लात मारी, धक्का देकर नीचे उतारा, वायरल हुआ वीडियो

मोहाली/यूटर्न/22 मार्च। पटियाला की नाभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक गुरदेव सिंह देव मान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। वीडियो में वह कार्यक्रम के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति को लात मारते और स्टेज से नीचे धकेलते नजर आ रहे हैं। घटना लुधियाना में 8 मार्च की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष ने विधायक पर निशाना साधा है। वहीं देव मान का कहना है कि बुजुर्ग व्यक्ति नशे में था और बार-बार स्टेज पर चढ़ रहा था, जिसे नीचे उतारने के दौरान यह स्थिति बनी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को कई बार शालीनता से नीचे जाने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं माना। राजनीतिक लाभ के लिए बढ़ा-चढ़ाकर वीडियो को पेश किया जा रहा है।



## आरटीओ दफ्तर में भीषण आग से रिकॉर्ड खाक, ऑटोमोटिव ड्राइविंग टेस्ट सेंटर में शॉर्ट-सर्किट से घटना

होशियारपुर/यूटर्न/22 मार्च। होशियारपुर के टांडा रोड स्थित ऑटोमोटिव ड्राइविंग टेस्ट सेंटर में भीषण आग लग गई। इस घटना में सेंटर का पूरा रिकॉर्ड जलकर खाक हो गया। यह वही ड्राइविंग टेस्ट सेंटर है जो पहले भी विवादों में रहा है। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, घटना रविवार को हुई जब कार्यालय में कोई मौजूद नहीं था और न ही कोई सुरक्षाकर्मी तैनात था। इस स्थिति ने आरटीओ कार्यालय को एक बार फिर संदेह के घेरे में ला दिया है।



**डेटा और लाइसेंस प्रक्रिया में देरी की आशंका...** आगजनी से आम जनता को कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिन आवेदकों ने ड्राइविंग टेस्ट दिए हैं और जिनके लाइसेंस अभी तक जारी नहीं हुए हैं, उनके डेटा और लाइसेंस प्रक्रिया में देरी होने की आशंका है।

वरिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया था।

## आप सरकार ने ट्रांसपोर्ट विभाग की कार्यप्रणाली को नहस-तहस कर दिया - तीक्ष्ण सूद

दलजीत अज्नोहा



होशियारपुर/यूटर्न/22 मार्च। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा है कि आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह पिट चुकी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान दूसरे दलों के नेताओं पर ट्रांसपोर्ट विभाग को लूटने के आरोप तो बहुत लगाते है परन्तु स्वयं उनकी सरकार में ट्रांसपोर्ट विभाग पतली हालत हो चुकी है। मुख्यमंत्री मान ने दावा किया था कि वह आर.टी.ओ. के कार्यालय को बंद करवा कर ताले लगवा देंगे व सभी काम लोग घर बैठे ऑनलाइन करवा सकेंगे। इसके लिए झूठा प्रचार करने हेतु उन्होंने एक बड़े कार्यक्रम में एक आर.टी.ओ. ऑफिस को यह कह कर ताला लगाया था कि आज तक नेता लोग दफ्तरों के उद्घाटन तो करते सुने होंगे पर बंद करने का काम पहली बार किया है।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 सोनीपत में अपहरण के बाद मुठभेड़, 2 को गोली लगी...

# चंडीगढ़ में कांग्रेस को बड़ी सियासी मजबूती, आप पार्षद दमनप्रीत सिंह बादल सैकड़ों समर्थकों समेत शामिल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। शहर की राजनीति में रविवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब दमनप्रीत सिंह बादल ने आम आदमी पार्टी को अलविदा कहकर कांग्रेस का हाथ थाम लिया। सेक्टर-35 स्थित राजीव गांधी कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी को नई ऊर्जा दी। इस मौके पर चंडीगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की के नेतृत्व में यह जॉइनिंग करवाई गई, जिसे कांग्रेस के लिए एक बड़ी राजनीतिक बढ़त के तौर पर देखा जा रहा है।



## आप को झटका, कांग्रेस को बढ़त

वार्ड नंबर 17 (सेक्टर 22 और 23) से पार्षद रहे बादल का पार्टी छोड़ना आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों का कांग्रेस में जाना स्थानीय स्तर पर समीकरण बदल सकता है।

## वकील और नेता भी कांग्रेस में शामिल

इस दौरान उज्जवल भसीन, विशाल शर्मा और युवराज अष्ट ने भी कांग्रेस का दामन थामा। भसीन फिलहाल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सेक्टर 43 में कोषाध्यक्ष हैं, जिससे अधिवक्ता वर्ग में भी कांग्रेस की पकड़ मजबूत होने के संकेत मिल रहे हैं।

## लक्की बोले—कांग्रेस में बढ़ रहा विश्वास

चंडीगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने कहा कि जमीनी नेताओं के जुड़ने से संगठन को नई ताकत मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में अन्य दलों के नेता भी कांग्रेस की नीतियों और राहुल गांधी के नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होंगे। लक्की ने यह भी कहा कि चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी द्वारा संसद में शहर के मुद्दों को उठाने और जमीनी स्तर पर कांग्रेस की सक्रियता से जनता का भरोसा दोबारा पार्टी की ओर बढ़ा है।

## 'घर वापसी' बताया बादल ने

मीडिया से बातचीत में दमनप्रीत सिंह बादल ने इसे 'घर वापसी' बताया। उन्होंने कहा कि पहले वे प्रदीप छाबड़ा के साथ कांग्रेस छोड़कर गए थे, लेकिन अब उन्हें लगा कि जनता की सेवा के लिए कांग्रेस ही बेहतर मंच है।

## अधिवक्ता वर्ग में भी हलचल

उज्जवल भसीन ने कहा कि अधिवक्ताओं के बीच कांग्रेस की मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्होंने पार्टी जॉइन करने का फैसला लिया है।

# हल्लोमाजरा में आज लगेगा समाधान शिविर, प्रशासक गुलाब चंद कटारिया करेंगे लोगों की समस्याओं का मौके पर निपटारा

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। शहर के हल्लोमाजरा क्षेत्र में आज प्रशासन जनता के बीच उतरकर उनकी समस्याएं सुनेगा। गुलाब चंद कटारिया सोमवार (23 मार्च 2026) को दोपहर 3:30 बजे वार्ड नंबर 20, हल्लोमाजरा में विशेष 'समाधान शिविर' लगाएंगे, जहां लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। यह शिविर समाजसेवी अरविंद सिंह द्वारा 11 मार्च को दिए गए ज्ञापन के बाद आयोजित किया जा रहा है। ज्ञापन में हल्लोमाजरा क्षेत्र की कई बुनियादी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया था।



## इन मुद्दों पर होगा फोकस

शिविर के दौरान जिन प्रमुख समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा, उनमें शामिल हैं—

- पुरानी और जर्जर सीवरेज व्यवस्था
- सरकारी स्कूल की खराब हालत
- स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली
- कम्युनिटी सेंटर और पार्क (ओपन जिम) की कमी

प्रशासन का कहना है कि इस 'समाधान शिविर' का उद्देश्य सिर्फ शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

## लोगों से भागीदारी की अपील

अरविंद सिंह ने क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचें और अपनी समस्याएं सीधे प्रशासक के सामने रखें। उन्होंने इसे वार्ड के विकास के लिए 'सुनहरा अवसर' बताया।

## देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

जगरांव/यूटर्न/22/मार्च। थाना हठूर के एएसआई गीतइंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव लक्खा में छापामारी की। पुलिस को सूचना मिली थी कि सतपाल सिंह (निवासी गांव लक्खा) अवैध शराब बेचने का आदी है और वह डेरा रानी बाला के पास शैलर की दीवार के साथ बैठकर ग्राहकों को शराब बेच रहा है।




# शहीदों की याद में रक्तदान शिविर, 74 लोगों ने किया रक्तदान



चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समस्या समाधान टीम, चंडीगढ़ द्वारा युवा स्तंभ वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से सेक्टर-26 स्थित सामुदायिक केंद्र में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 74 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया और शहीदों को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा एवं चंडीगढ़ के मेयर श्री सौरभ जोशी,सीनियर डिप्टी मेयर जसमनप्रीत सिंह और डिप्टी मेयर सुमन शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर समस्या समाधान टीम, चंडीगढ़ के संस्थापक मनोज शुक्ला और दिनेश दलेर ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 6 वर्षों से निरंतर इस प्रकार के सामाजिक कार्यों का आयोजन करती आ रही है। हर वर्ष शहीदी दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर लगाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह शिविर आईटी पार्क में आयोजित किया जाता था, जबकि इस वर्ष इसे नए स्थल पर आयोजित किया गया, जहां लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं युवा स्तंभ वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपेंद्र ने कहा कि समाज में इस प्रकार के कार्य होते रहना बेहद आवश्यक है, जिससे मानवता और इंसानियत की भावना सदैव जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि यही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल की सराहना की।

# दाखा पुलिस ने 65 पेटी चंडीगढ़ मार्का शराब के साथ एक को दबोचा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/22/मार्च। थाना दाखा के एएसआई नरिंदर कुमार पुलिस पार्टी के साथ मेन चौक मंडी मुल्लांपुर में मौजूद थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सोनू सिंह और प्रदीप सिंह (निवासी कोठे शेर जंग, जगरांव) चंडीगढ़ से सस्ते दामों पर शराब लाकर इलाके में महंगे दामों पर बेचने का अवैध धंधा करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने जांगपुर रोड स्थित रेलवे अंडरपास के पास नाकाबंदी कर एक कार को रोका।

**बरामदगी:** कार की तलाशी लेने पर 40 पेटी 'राजधानी व्हिस्की' और 25 पेटी 'सुपर हिम्मत' (केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए मान्य) सहित कुल 65 पेटी (780 बोतलें) शराब बरामद हुई।

**कार्रवाई:** पुलिस ने मौके से आरोपी सोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी प्रदीप सिंह भागने में कामयाब रहा। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# हरिपुर में चतुर्थ नवरात्रि पर माता सुकराला में मनाया गया कीर्तन : पुनीत महाजन



हरिपुर/यूटर्न/22 मार्च। आज चतुर्थ नवरात्रि पर हरीपुर हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा में सुकराला माता के मंदिर में जो की जिला कठुआ जम्मू कश्मीर से यहां पर जगती जोत को लाया गया था और 18 साल से इस मंदिर में जोत लगातार जल रही है और माता के भक्त बड़ी दूर-दूर से इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं और यहां की कीर्तन मंडली इस मंदिर में बहुत श्रद्धा और उत्साह से नवरात्रि जन्माष्टमी और जो भी माता के शुभ कार्य किए जाते हैं इस मंदिर में लोग बड़ी श्रद्धा से आते हैं और अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए दर्शन करते हैं इस मंदिर को 18 साल पहले सन 2008 में बनाया गया था और अष्टमी में बड़ी श्रद्धा से माता का भंडारा किया जाता है भंडारा और प्रसाद खाने के लिए बड़ी दूर-दूर से यहां पर लोग आते हैं और माता के दर्शन करके प्रसाद भंडारे को ग्रहण करते हैं यह मंदिर जो है महाजन परिवार में (सुरेश कुमारी महाजन) के घर में बनाया गया है सुरेश कुमारी महाजन जो (महिला मंडल की प्रधान है) इस कीर्तन में महिला मंडल की हर सदस्य बड़े प्यार से भजन और माता की भेंट गाती है आज जो कीर्तन किया गया वह (सुनीता रैना )फैमिली की तरफ से किया गया कीर्तन के बाद माता का प्रसाद ग्रहण किया जाता है उसके बाद हलवा चने केले सेब का प्रसाद दिया जाता है और बाद में समोसे और चाय दी जाती है जो माता के मंदिर में जितने भी भक्त आए होते हैं।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### विक्षुब्ध अर्थव्यवस्था

दौलत के खेल में उलझा जहान, कभी मंदी,
कभी महँगाई का तूफान ।
रोजगार घटे, बढ़ गई महँगाई, आम जन की जेब
पे है, भारी मंदी छाई।
बाजार करें डगमग, निवेश हैं डराए, भविष्य की
राहें धुंध में छुप छुप जाएँ।नित होते जा रहे हैं, अमीर
और भी अमीर, गरीब और गरीब, सपनों का टूटना
लगे न अब अजीब। अब तो संकटों से न निकलती
है राहें, नए विचार चाहे कितना भी खोलें बाहें।
तेल की कीमतें तो ही बढ़ती जाएँ, रोटी की
कीमत भी ढेरों आँसू रुलाएँ।
डॉलर ऊपर, रुपया नीचे, हर बाजार को है
गिरावट खींचे ।
हर तरफ हो रही, फैक्टरियाँ बंद और मजदूर हो
रहे लाचार, कर्ज.में डूबा है अब हर व्यापार।
बेरोजगारी बढ गई है चारों ओर, युवाओं के सपने
हो गए हैं कमजोर।
अमीर बनते जा रहे और अमीर, गरीबों की
हालत है अधमीर।महँगाई ने तोड़ी कमर, जनता
बोले – ₹जीते जी हम रहे हैं मर₹ युद्धों की आँधी,
राजनीति की आग, अर्थव्यवस्था पर छा गए हैं
विराग। फिर भी आशा बाकि है वहाँ, संघर्षों में भी
खिलता है कमल जहाँ। नवाचार से होगी नई
शुरूआत, मानवता से मिलेगा मेहनत को प्रभात।
हिम्मत न हारो साथी उठ जाओं हिम्मत से भूलो
अपने सारे गम एक दिन फिर से विश्व उठेगा,
टूटेगा भ्रम, अर्थव्यवस्था पाएगी फिर से नया दम

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Property Fraud से कैसे बचें? संपत्ति खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखें**

संपत्ति खरीदना जीवन के सबसे बड़े निवेशों में से एक होता है। लेकिन कई बार जल्दबाजी, अधूरी जानकारी या दस्तावेजों की सही जाँच न करने के कारण लोग Property Fraud का शिकार हो जाते हैं। कुछ सामान्य सावधानियाँ अपनाकर ऐसे जोखिमों को काफी हद तक टाला जा सकता है।

सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि विक्रेता वास्तव में संपत्ति का मालिक है। इसके लिए पिछले वर्षों की title documents chain देखना आवश्यक है। इससे पता चलता है कि संपत्ति वैधानिक रूप से किसके नाम से किसके नाम स्थानांतरित होती रही है।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है यह जाँचना कि संपत्ति पर कोई loan, mortgage या कानूनी विवाद तो नहीं है। कई बार संपत्ति बैंक के पास गिरवी होती है, और खरीदार को इसकी जानकारी नहीं दी जाती।

तीसरी सावधानी है कि सभी दस्तावेजों को सही तरीके से registered कराया जाए। केवल निजी समझौते या अनौपचारिक दस्तावेज भविष्य में विवाद पैदा कर सकते हैं।

संपत्ति खरीदने से पहले दस्तावेजों की legal due diligence कराना भी एक सुरक्षित कदम माना जाता है।

निष्कर्ष: Property Fraud से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है — दस्तावेजों की पूरी जाँच, वैधानिक प्रक्रिया का पालन और जल्दबाजी से बचना।

# धर्म और सेवा के मार्ग पर चलना ही जीवन का सच्चा उद्देश्य - एस.एस. खुराना



लुधियाना/यूटर्न/22 मार्च। चैत्र नवरात्रि के पावन उपलक्ष्य में जगराओं पुल स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। अंसल एस्टेट, अंसल वेल्थ एडवाइजर्स के एस.एस. खुराना एवं ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य यजमान खुराना परिवार द्वारा व्यास गद्दी के पूजन और भव्य आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया और श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ कथा श्रवण किया। वृंदावन से पधारे कथा व्यास श्रीमद् जगद्गुरु वेणुगोपाल शरण महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को निहाल करते हुए कहा कि वर्तमान कलियुग के कठिन समय में केवल भगवद नाम ही जीव को भवसागर से पार उतारने का एकमात्र साधन है।

# जागरूकता और सुरक्षा का मजबूत संदेश देने वाला सत्र आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/22 मार्च। बच्चों की सुरक्षा और उनके सम्मान को लेकर एक सार्थक एवं जागरूकता से भरपूर कार्यक्रम बच्चों की गरिमा झ्र हमारी जिम्मेदारी का सफल आयोजन एक आवाज बाल शोषण के खिलाफ संस्था द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नवकिरंजोत और शुभांगी सिंह (सीईओ शुभांगी ग्रोथ हब) का विशेष सहयोग रहा। इस इवेंट में शहर के डॉक्टर्स, एडवोकेट्स आदि अलग अलग एनजीओ संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल शोषण, उत्पीड़न और बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों, विशेष रूप से माताओं को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति अधिक सतर्क और संवेदनशील बन सकें।

# तीर्थ यात्रा योजना के तहत गुरु नानक कॉलोनी से 14वीं बस श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना – संगत में खुशी की लहर



डेराबस्सी/यूटर्न/22 मार्च। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत रविवार को हलका डेराबस्सी की गुरु नानक कॉलोनी से श्रद्धालुओं को पवित्र धाम श्री अमृतसर साहिब में दर्शन के लिए 14वीं बस रवाना की गई। इस अवसर पर संगत में विशेष उत्साह और धार्मिक जोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपने परिजनों और परिचितों को विदा करने के लिए मौके पर पहुंचे।

बस रवाना होने से पहले संगत के साथ बातचीत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई और उनकी सुखद, सुरक्षित व मंगलमय यात्रा के लिए अरदास की गई। इस दौरान धार्मिक माहौल में गुरुबाणी कीर्तन से संगत को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हुई।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पंजाब सरकार की एक महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान करना है। योजना के तहत यात्रियों के लिए परिवहन, ठहरने और अन्य आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं, ताकि आर्थिक कारणों से कोई भी व्यक्ति अपनी धार्मिक आस्था पूरी करने से वंचित न रहे।

हलका डेराबस्सी में इस योजना को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब तक कई बसों के माध्यम से सैकड़ों श्रद्धालुओं को श्री अमृतसर साहिब के दर्शन करवाए जा चुके हैं। रविवार को रवाना की गई 14वीं बस इस क्रम की एक और अहम कड़ी है।

क्षेत्रवासियों ने पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं न केवल धार्मिक भावनाओं को मजबूती देती हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

हलका डेराबस्सी में विकास और जन-कल्याण के कार्य लगातार जारी हैं और आने वाले समय में भी कई अन्य लोक-हितैषी योजनाएं लोगों तक पहुंचाई जाएंगी।

यूटर्न टाइम

# कॉमेडी उतार देती है दिमाग की थकान: गुरप्रीत घुग्गी

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 22 मार्च। पॉलीवुड में कॉमेडी का तहलका मचाने वाली फिल्म कैरी ऑन जट्टा का अब चौथा भाग बनकर तैयार है और यह पंजाबी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 सिनेप्रेमियों को जल्द ही बड़े पर्दे पर दिखाई देगी। इस फिल्म के पहले तीनों भाग बेहद सफल साबित हुए हैं और सिनेप्रेमियों को फिल्म ने खूब लोटपोट किया। अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल, गुरप्रीत घुग्गी, बीनू ढिल्लों और दिवंगत जसविंदर भल्ला जैसे कलाकारों की कॉमेडी ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब इसका चौथा भाग बन कर तैयार हैं।



## अभिनेत्री सरगुन मेहता भी देंगी फिल्म में दिखाई

फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 4' के बारे विशेष बातचीत करते हुए फिल्म का अहम हिस्सा बने और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के टॉप एक्टर गुरप्रीत घुग्गी ने बताया कि फिल्म में लगभग कलाकारों की टीम पुरानी ही है जबकि फिल्म में एक कलाकार नया दिखाई देगा। यह कलाकार है प्रख्यात अभिनेत्री सरगुन मेहता जो सोनम की जगह दिखाई देंगी।

## कॉमेडी से मिलता है दिमाग को आराम

गुरप्रीत घुग्गी ने कहा कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हर किसी को फुर्सत के कुछ ऐसे पल चाहिए जब दिमाग की थकान उतर सके और कॉमेडी इस थकान को उतारने में अहम योगदान देती है। इस लिए कैरी ऑन जट्टा जैसी फिल्में फुल कॉमेडी पेश करके इस भागदौड़ भरी जिंदगी में दिमाग को आराम देतीं है और कैरी ऑन जट्टा 4 सिनेप्रेमियों को हंसा हंसा कर लोटपोट करने के लिए तैयार है और यह फिल्म दर्शकों का खूब मनोरंजन करेगी और टिकट खिड़की पर पूरी तरह से धमाल मचाएगी।

**दिवंगत जसविंदर भल्ला का एआई अवतार...**इस फिल्म का पहला टीजर रिलीज हो चुका है। इस टीजर की सबसे खास बात ये है कि इसमें कॉमेडी के दिग्गज कलाकार दिवंगत जसविंदर भल्ला को एक भावुक और अनोखी श्रद्धांजलि दी गई है और फिल्म में वह एआई अवतार के द्वारा दिखाई देंगे। हालांकि फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले ही उनका निधन हो चुका था, लेकिन एडवांस तकनीक की सहायता से उनका किरदार दोबारा स्क्रीन पर जीवित किया गया है। गुरप्रीत घुग्गी ने बताया कि दिवंगत जसविंदर भल्ला दुनिया में ना होने के बावजूद भी फिल्म में दिखाई देंगे। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एक जोत संस्था द्वारा भगत सिंह के शहीदी दिवस पर मेडिकल व ब्लड डोनेशन कैंप

लुधियाना/यूटर्न/22 मार्च। एक जोत यूथ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अमर शहीद भगत सिंह के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय न्यू जनता नगर स्थित गुरुद्वारा गुरुनानक प्रकाश में फ्री मेडिकल चेकअप कैंप और ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब राज्य महिला आयोग की सदस्य अजिंद्र कौर, सनातन सेवा समिति के जोन महासचिव वरुण मेहता, जिला इंचार्ज निखिल शर्मा, हल्का कोऑर्डिनेटर भारत शर्मा नोनी, चेयरमैन पवित्र सिंह सिद्धू सहित कई गणमान्य व्यक्ति



उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए अजिंद्र कौर और वरुण मेहता ने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की याद में ऐसे सेवा कार्य करना अत्यंत सराहनीय है। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलती है और उनमें समाज सेवा की भावना विकसित होती है।

वरुण मेहता ने संस्था के कार्यो की सराहना करते हुए बताया कि यह संस्था जरूरतमंद बच्चों को कॉपियां-किताबें और गरीब परिवारों को राशन उपलब्ध कराने के साथ नियमित रूप से मेडिकल कैंप आयोजित कर रही है। निखिल शर्मा और भारत शर्मा नोनी ने भी युवाओं को नशा मुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मासिक रूप से ऐसे कैंप लगाकर सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों की सहायता की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कलाकारों ने शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# मां वैष्णो धाम में श्रद्धालुओं ने की मां कुष्मांडा की पूजा और श्री सुंदरकांड का पाठ



लुधियाना/यूटर्न/22 मार्च। मां वैष्णो धाम मंदिर वर्तमान मिल के पीछे सेक्टर 32 में चैत्र नवरात्र उत्सव बड़े श्रद्धाभाव और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र उत्सव के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की । इसके बाद दोपहर को मंदिर की महिला कीर्तन मंडली की ओर से श्री दुर्गा स्तुति जी का पाठ किया गया। दूसरे दिन की चौकी का शुभारंभ मंदिर के पंडित रजनी कांत मिश्रा, पंडित त्रिलोकी नाथ और पंडित हिमांशु दुबे द्वारा मुख्य यजमान परिवारों के साथ विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। जिसमें मुख्य यजमान परिवार के संजीव जैन , सुरिंदर गुप्ता, रोशन लखन पाल, विनय सिंगला, सुरेश गोयल, एन डी चोपड़ा, राजेश मेहन, गुलशन मक्कड़, सुभाष सचदेवा, विनोद कुमार गुप्ता और तेजिंद्र सिंह द्वारा किया गया। तीसरे दिन की रात्रि भजन संध्या पर मंदिर प्रांगण में श्री सुंदरकांड जी का पाठ मनमोहन भट्ट जी द्वारा किया गयो इसमें मुख्य मेहमान के तौर पर नगर निगम से जोनल कमिश्नर नीरज जैन, वार्ड नंबर 29 से पार्षद लवली मनोचा, मनप्रीत सिंह, वार्ड नंबर 28 से पार्षद अमरजीत सिंह और मनजीत सिंह उपस्थित हुए।

# स्वर गंगा 2026: शास्त्रीय संगीत की सुरमयी शाम ने बांधा समां



लुधियाना/यूटर्न/22 मार्च। गत दिवस स्वरंगण वेलफेयर सोसाइटी फॉर म्यूजिक, कल्चर एंड एजुकेशन, लुधियाना द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार तीसरी सांगीतिक संध्या ह्लस्वर गंगाह्व का भव्य आयोजन किया गया। गुरुनानक देव भवन स्थित सोहन लाल पाहवा ऑडिटोरियम विदुषी सुनंदा शर्मा की मधुर स्वर लहरियों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ सोसाइटी के प्रेसिडेंट कपिल शर्मा द्वारा आए हुए अतिथियों के अभिनंदन से किया गया। मंच संचालन डॉ. सोनिया ने किया। इस प्रस्तुति में कपिल शर्मा, सोनिया आहूजा, भरत मल्होत्रा, साहिल नागपाल और आशुतोष प्रभाकर ने राग दरबारी आधारित भजन में आलाप और तानों के माध्यम से वातावरण को भावमय बना दिया। हितेश नय्यर, पोम जी और उमेश शर्मा की वाद्य संगति ने प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया। इस अवसर पर ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स तरुण शारदा, असिस्टेंट कमिश्नर स्टेट टैक्स डॉ. मनु गर्ग, देविंदर सूद, डॉ. सविता उप्पल तथा सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी जतिंदरपाल सिंह और ललित शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# निटवियर फैक्ट्री में गैस लीकेज से हुआ धमाका, आग की चपेट में आने से एक वर्कर की मौत

लुधियाना/यूटर्न/22 मार्च। आरके रोड पर एक निटवियर फैक्ट्री में अचानक गैस लीकेज हो गई। जिसके बाद आग लगते ही धमाका हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि फैक्ट्री के कमरे की दीवारें



गिर गई। वहीं फैक्ट्री में एक वर्कर सो रहा था, जो कि आग की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय राम नरेश के रुप में हुई है। धमाके की आवाज सुनकर इलाके के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। जिन्होंने फायर ब्रिगेड और फैक्ट्री मालिक को सूचना दी। मौके पर आग पर काबू पाया गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना मोती नगर की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दी है। जानकारी के मुताबिक हादसा शनिवार-रविवार देर रात को हुआ। दरअसल, सूर्या निटवियर फैक्ट्री के एक कमरे में गैस रिसाव हो रहा था। रात के वक्त जैसे ही गैस का दबाव बढ़ा अचानक एक जबरदस्त धमाका हुआ। धमाके के साथ ही कमरे में भीषण आग लग गई। आसपास के लोगों ने बताया कि आवाज इतनी तेज थी कि दूर-दूर तक लोग नींद से जाग गए। हादसे के वक्त राम नरेश कमरे के अंदर ही सो रहा था। धमाके के कारण कमरे की एक दीवार पूरी तरह ढह गई। राम नरेश को भागने या खुद को बचाने का जरा भी समय नहीं मिला और वह आग की लपटों में बुरी तरह घिर गया। मौके पर ही उसकी झुलसने से मौत हो गई।

# महिलाएं भी आगे आकर रक्तदान में निभाएं अपनी भागीदारी - शुभांगी सिंह



लुधियाना/यूटर्न/22 मार्च। महावीर जयंती पर 49वां राज्यस्तरीय रक्तदान कैंप, सामाजिक संस्थाओं को दिया गया निमंत्रण

1989 से मानवता की सेवा को समर्पित न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोला बाबा रत्न मुनि जैन युवा सोसायटी और मां वैष्णो देवी चैरिटेबल अस्पताल की ओर से 31 मार्च को भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 49वां विशाल राज्यस्तरीय रक्तदान कैंप सुंदर नगर स्थित किंग पैलेस में आयोजित किया जाएगा।कैंप की तैयारियां जोरों-शोरों से जारी हैं। इसे सफल बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं और लोगों को आमंत्रित करने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में इश्मीत इंस्टीट्यूट में चल रहे बच्चों की गरिमा झ्र हमारी जिम्मेदारी जागरूकता सत्र में शुभांगी ग्रोथ हब से सीईओ शुभांगी सिंह, एक आवाज बाल शोषण के खिलाफ संस्था से नवकिरंजोत, फि लेथ्रोपी क्लब से लखविंदर सिंह और एंकर कमलेश गुप्ता को निमंत्रण दिया गया। इस दौरान शुभांगी सिंह ने कहा कि महिलाओं को भी बढ़-चढ़कर रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में भाग लेना चाहिए। वहीं, राजेश जैन बॉबी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई दान नहीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कैंप का हिस्सा बनें और जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने में अपना योगदान दें।

# चंडीगढ़ नगर निगम में 'चीफ इंजीनियर' की कुर्सी पर सस्पेंस, डेढ़ साल से लटकी नियुक्ति पर उठे सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। शहर के प्रशासनिक तंत्र में एक अहम पद नगर निगम के चीफ इंजीनियर पर डेढ़ साल से बनी अनिश्चितता अब बड़ा सवाल बन चुकी है। नियुक्ति प्रक्रिया बार-बार टलने और इंटरव्यू रद्द होने से पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे मामले में निगाहें अब गुलाब चंद कटारिया और यूटी प्रशासन पर टिक गई हैं।



## इंटरव्यू तय, फिर रद्द आखिर क्यों ?

नगर निगम ने इस पद के लिए पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों से आवेदन मांगे थे, जिसमें कुल 11 उम्मीदवार सामने आए। दो बार इंटरव्यू की तारीख तय हुई, लेकिन दोनों ही बार बिना स्पष्ट कारण बताए प्रक्रिया रद्द कर दी गई। जनवरी-फरवरी गुजरने के बाद भी मार्च अंत तक स्थिति जस की तस है।

## अतिरिक्त चार्ज से चल रहा काम

अक्टूबर 2025 में संजय अरोड़ा को हटाए जाने के बाद सीबी ओझा को नगर निगम का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। ओझा पहले से ही यूटी प्रशासन के चीफ इंजीनियर हैं, ऐसे में दोनों जिम्मेदारियां संभालना सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है।

## कामकाज पर असर

चीफ इंजीनियर की नियमित नियुक्ति न होने से टेंडर, विकास कार्य और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स प्रभावित हो रहे हैं। नगर निगम और प्रशासन दोनों स्तर पर निर्णय प्रक्रिया धीमी पड़ी है, जबकि दिसंबर 2026 में संभावित नगर निगम चुनावों से पहले विकास कार्यों को गति देने का दबाव भी बढ़ रहा है।

## राजनीति और विवाद का साया

संजय अरोड़ा को हटाए जाने के बाद भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला था। टेंडर अनियमितताओं के आरोपों ने मामले को और संवेदनशील बना दिया।अब चर्चाएं इस बात की भी हैं कि क्या किसी खास उम्मीदवार को फिट करने के लिए प्रक्रिया को जानबूझकर धीमा किया जा रहा है। हालांकि, इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

## देरी के पीछे क्या वजह ?

स्थानीय हलकों और प्रशासनिक सूत्रों में दो प्रमुख संभावनाएं चर्चा में हैं तकनीकी/प्रशासनिक कारण : चयन पैनल, अधिकारियों या प्रक्रिया में समन्वय की कमी`हितों का टकराव : 'अपना व्यक्ति' नियुक्त करने के लिए राजनीतिक या विभागीय दबाव

## जवाब का इंतजार

नगर निगम जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में शीर्ष तकनीकी पद का लंबे समय तक खाली रहना कई सवाल खड़े करता है। शहर के लोग अब जानना चाहते हैं कि आखिर नियुक्ति प्रक्रिया में देरी क्यों हो रही है क्या यह सिर्फ प्रशासनिक सुस्ती है या इसके पीछे कोई बड़ा खेल? फिलहाल, जवाब सिर्फ गुलाब चंद कटारिया और संबंधित प्रशासनिक तंत्र के पास है, जिनसे पारदर्शिता और स्पष्टता की उम्मीद की जा रही है।

# सेक्टर-36 में हादसा, यूपी के सीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी का भतीजा की सड़क हादसे में मौत

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। शहर के सेक्टर-36 में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनमोल के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेटरी का भतीजा बताया जा रहा है। वह चंडीगढ़ में रहकर पढ़ाई कर रहा था। हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## सुबह दोस्तों के साथ निकला था बाइक राइड पर

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 5 बजे अनमोल अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर राइड के लिए निकला था। जब वह सेक्टर-36 स्थित एमसीएम कॉलेज के सामने पहुंचा, तभी उसकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने के कारण बाइक सीधे सड़क किनारे बनी दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया।

## अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत सेक्टर-16 स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस के अनुसार, हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने के कारण यह दुर्घटना हुई, हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। साथ ही, हादसे के समय उसके साथ मौजूद दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हादसे के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

# M3M मामले में अगली सुनवाई 4 अप्रैल को; ₹450 करोड़ का जमीन विवाद और घर खरीदारों की शिकायतें कोर्ट में

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। M3M इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों से जुड़ा मामला, जिसमें गुरुग्राम में कथित तौर पर ₹450 करोड़ की धोखाधड़ी वाली जमीन डील का आरोप है, अब एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है।






दिल्ली की एक अदालत ने M3M इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों से जुड़े एक मामले में अगली सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तारीख तय की है। यह मामला गुरुग्राम में कथित तौर पर ₹450 करोड़ की धोखाधड़ी वाली जमीन डील से जुड़ा है। यह मामला एक उपभोक्ता फोरम के सामने चल रही अलग कार्यवाही के साथ-साथ चल रहा है, जिसमें एक संबंधित हाउसिंग प्रोजेक्ट के घर खरीदारों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं।

31 जनवरी को, तीस हजारी कोर्ट की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षिता मिश्रा ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) द्वारा मार्च 2022 में दायर चार्जशीट का संज्ञान लिया। यह चार्जशीट एक रियल एस्टेट फर्म, MGF डेवलपमेंट्स लिमिटेड की शिकायत के आधार पर दायर की गई थी। इसके बाद अदालत ने M3M इंडिया और उसके निदेशकों को समन जारी किया, जिनमें बसंत बंसल, रूप बंसल और पंकज बंसल शामिल हैं।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, 2016 में MGF ने जमीन की अदला-बदली की व्यवस्था के तहत गुरुग्राम के चौमा इलाके में जमीन के कुछ टुकड़े M3M को हस्तांतरित करने पर सहमति जताई थी। इस सौदे में बदले में दूसरी जमीन और पोस्ट-डेटेड चेक के जरिए ₹114 करोड़ का भुगतान शामिल था। समझौते में यह शर्त थी कि यदि चेक बाउंस हो जाते हैं, तो यह समझौता रद्द और अमान्य माना जाएगा।

MGF ने आरोप लगाया है कि चेक बाउंस हो गए थे। उसने आगे आरोप लगाया कि इसके बावजूद, M3M ने जमीन का म्यूटेशन (नामांतरण) करवा लिया और इस विवादित सौदे के आधार पर निर्माण लाइसेंस के लिए आवेदन कर दिया। रिकॉर्ड पर मौजूद तथ्यों का संज्ञान लेते हुए, अदालत ने टिप्पणी की कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वास भंग), 120-B (आपराधिक षड्यंत्र) और 34 (सामान्य आशय) के तहत आगे बढ़ने के लिए प्रथम दृष्टया पर्याप्त आधार मौजूद हैं। अदालत ने M3M द्वारा दायर एक अर्जी को भी खारिज कर दिया, जिसमें FIR में झूठे बयान देने का आरोप लगाया गया था; अदालत ने यह फैसला दिया कि इस चरण पर यह अर्जी समय से पहले दायर की गई है। एक अलग मामले में, Smartworld Developers से जुड़े गुरुग्राम के एक हाउसिंग प्रोजेक्ट के घर खरीदारों ने National Consumer Disputes Redressal Commission (NCDRC) का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी हो रही है और प्रोजेक्ट के मार्केटिंग में जो बातें कही गई थीं, वे असल साइट की स्थितियों से मेल नहीं खातीं।

शिकायतकर्ताओं ने बताया है कि उन्होंने गुरुग्राम के Sector 61 में ₹1.1 करोड़ से ₹2.4 करोड़ के बीच की कीमत वाले रिहायशी यूनिट्स में निवेश किया था, और कई खरीदार कुल कीमत का 90 प्रतिशत से ज्यादा पैसा पहले ही चुका चुके हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया है कि इस प्रोजेक्ट को शुरू में एक ही इंटीग्रेटेड टाउनशिप के तौर पर पेश किया गया था, लेकिन बाद में इसे 'Green' और 'Avenue' नाम के अलग-अलग हिस्सों में बाँट दिया गया।

31 जनवरी को NCDRC ने डेवलपर को नोटिस जारी किया और घर खरीदारों के खिलाफ किसी भी तरह की जबरदस्ती वाली कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया। इस मामले में सुनवाई अभी भी जारी है।

यूटर्न टाइम

# जालंधर में सोनू खत्री गैंग के गुर्गा के साथ मुठभेड़, एक काबू, दो पिस्तौल और बाइक बरामद

जालंधर/यूटर्न/22 मार्च। जालंधर के फोल्डीवाल इलाके में पंजाब पुलिस और कुख्यात सोनू खत्री गैंग के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस क्रॉस-फायरिंग में गैंग का मुख्य गुर्गा कुलवंत सिंह गोपा, जो नवांशहर का निवासी है, पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी के पास से दो पिस्तौल और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गोपा पर फगवाड़ा की प्रसिद्ध सुधीर स्वीट शॉप पर फायरिंग करने का आरोप है और वह लंबे समय से वांछित था। उस पर पहले से ही हत्या के प्रयास और लूट जैसे 18 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को सोनू खत्री गैंग के गुर्गे कुलवंत सिंह गोपा की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली। पुलिस ने जब आरोपी को घेरने की कोशिश की, तो उसने आत्मसमर्पण करने के बजाय



पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं। बताया जा रहा है कि दोनों ओर से करीब 10 से 12 राउंड फायर हुए। इसी दौरान एक गोली कुलवंत सिंह गोपा की टांग में जा लगी, जिसके बाद वह मोटरसाइकिल से गिर गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### फगवाड़ा गोलीकांड का मुख्य आरोपी

कुलवंत सिंह गोपा पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ था। वह इसी साल 17 जनवरी को फगवाड़ा में सुधीर स्वीट शॉप पर हुई फायरिंग की घटना में मुख्य रूप से वांछित था। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी थी और तब से पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी। जांच में सामने आया है कि गोपा विदेशों में बैठे गैंगस्टरों के इशारे पर पंजाब में वारदातों को अंजाम देता था। वह सोनू खत्री गैंग का बेहद भरोसेमंद गुर्गा माना जाता है, जो रंगदारी और डराने-धमकाने के लिए जाना जाता है।

### आरोपी के पास से दो अवैध पिस्तौल

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपी के पास से दो अवैध पिस्तौल और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गोपा कोई साधारण अपराधी नहीं है; उसके खिलाफ नवांशहर और पंजाब के अन्य जिलों में 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और फिरौती जैसी संगीन धाराएं शामिल हैं। घायल अवस्था में आरोपी को इलाज के लिए नजदीकी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# पूर्व पार्षद एडवोकेट राधे श्याम वधवा बने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ग्रीन होम सैक्टर 29 के प्रधान

## रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने क्षेत्र की समस्याओं पर की चर्चा

अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र/यूटर्न/22 मार्च। रविवार को ग्रीन होम सैक्टर 29 में स.दर्शन सिंह की अध्यक्षता में स्थानीय निवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर ग्रीन होम सैक्टर 29 के निवासियों ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के गठन की मांग रखी। जिसके अंतर्गत आम सहमति से पूर्व पार्षद एडवोकेट राधे श्याम वधवा को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का प्रधान, सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर रोशन लाल को उप प्रधान, गौरव सिंधु सचिव, सौरभ शर्मा उप सचिव राजेश कुमार और विपिन कुमार कोषाध्यक्ष, रितेश नारंग



एवं रतन सिंह आडिटर, एडवोकेट अरुण शर्मा लीगल एडवाइजर और राजकुमार को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया। इसी साथ बैठक के निर्णय अनुसार भविष्य में अन्य सदस्य बनाए जाने हैं। बैठक में सभी स्थानीय निवासियों ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के गठन पर खुशी जाहिर की और एक दूसरे के दुःख सुख में शामिल होने की बात कही। क्षेत्र की जो भी समस्या होगी उसके लिए रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रशासन एवं सिटी कंपनी से समाधान के लिए प्रयास करेंगे।

# कह के उल्टा नहीं फिरूँगा, 'पकड़ कलेजा रोन लागी' रागिनियों से गूंजा कलाग्राम

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर, कलाग्राम, मनीमाजरा में आयोजित सांग उत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उत्सव के दौरान हरियाणवी लोकनाट्य 'सांग' की जीवंत परंपरा ने एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में रामशरण एंड पार्टी, करनाल और संजय मलिक एंड पार्टी, मुजफ्फरनगर ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधा।



कलाकारों ने पारंपरिक किस्सों और सांग के मुखड़ों के माध्यम से प्रेम, वीरता और सामाजिक संदेशों को मंच पर जीवंत कर दिया। करनाल के सांगी राम शरण ने राजकुमार चन्द्रहास के किस्से और श्री कृष्ण-सुदामा की रागिनी प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति में भावनात्मक गहराई और लोकधुनों की मिठास देखने को मिली।

वहीं संजय मलिक ने परोपकारी राजा वीर विक्रमजीत खंडेराव परीह्व का सांग सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। उनकी रागिनी के मुखड़े –'कह के उल्टा नहीं फिरूँगा'।

# चंडीगढ़ में स्नैचरों पर शिकंजा: सेक्टर-49 पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा, नकदी व दस्तावेज बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। शहर में स्नैचिंग की घटनाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सेक्टर-49 थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर




उसके कब्जे से छीनी गई नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। यह कार्रवाई कंवरदीप कौर के निर्देशों पर, के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और गुरजीत कौर की निगरानी में की गई।

### जंगल में बनाया ठिकाना, राहगीरों को बनाते थे निशाना

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी अपने एक साथी के साथ सेक्टर-50 के जंगल में झुग्गीनुमा ठिकाना बनाकर रहता था। दोनों नशे के आदी हैं और शाम या रात के समय राहगीरों को निशाना बनाकर लूट और स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे। वारदात के बाद जंगल में छिप जाना इनका तरीका था।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

मामला 21 मार्च 2026 का है। पीड़ित नरेश कुमार (42), जो निजी सफाई कर्मचारी हैं, मोटरसाइकिल पर चंडीगढ़ से मोहाली जा रहे थे। सेक्टर-50/51 डिवाइडिंग रोड के पास वे शौच के लिए जंगल की ओर गए। इसी दौरान दो युवकों ने उन्हें घेर लिया एक ने हाथ पकड़ा और दूसरे ने उनकी जेब से पर्स छीन लिया।पर्स में नकदी के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो मौजूद थे। जांच के दौरान पुलिस ने सेक्टर 46 निवासी आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से छीना गया पर्स, नकदी और दस्तावेज बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, उसके फरार साथी की तलाश के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में स्नैचिंग और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आप सरकार ने ट्रांसपोर्ट विभाग की कार्यप्रणाली को नहस-तहस कर दिया - तीक्ष्ण सूद

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/22 मार्च। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा है कि आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह पिट चुकी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान दूसरे दलों के नेताओं पर ट्रांसपोर्ट विभाग को लूटने के आरोप तो बहुत लगाते है परन्तु स्वयं उनकी सरकार में ट्रांसपोर्ट विभाग पतली हालत हो चुकी है। मुख्यमंत्री मान ने दावा किया था कि वह आर.टी.ओ. के कार्यालय को बंद करवा कर ताले लगवा देंगे व सभी काम लोग घर बैठे ऑनलाइन करवा



सकेंगे। इसके लिए झूठा प्रचार करने हेतु उन्होंने एक बड़े कार्यक्रम में एक आर.टी.ओ. ऑफिस को यह कह कर ताला लगाया था कि आज तक नेता लोग दफ्तरों के उद्घाटन तो करते सुने होंगे पर बंद करने का काम पहली बार किया है। उसके बाद न ही वह कार्यालय बंद हुआ न ही कोई और। अगर कैग की रिपोर्ट पर नजर डाले तो ट्रांसपोर्ट विभाग की दुर्दशा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करीब 25,000 रजिस्ट्रेशन के केस 21 दिन से अधिक लंमित पड़े रहे तथा करीब 3000 केसअभी तक लंमित है। ड्राइविंग लइसेंस तथा रजिस्ट्रेशन आदि टेंडर न होने के कारण लम्बा समा लोगो को नहीं मिल सके जिससे लोगो को भरी असुविधा जेलनी पड़ी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि मोटर व्हीकल टैक्स के 165 करोड़ रु में से विभाग द्वारा केवल 109 करोड़ रु बसूले गए है तथा बाकि रकम व व्याज अभी तक बकाया है तथा दूसरो पर ऊगली उठाने वाली आम आदमी पार्टी सरकार स्वयं बसों की बोड़िया राजस्थान से बनवाने जा रही है।

# चंडीगढ़ में अवैध रेहड़ी-फड़ी पर नगर निगम का एक्शन, 60 रेहड़ियां जब्त





चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। शहर में अवैध स्ट्रीट वेंडिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए चंडीगढ़ नगर निगम ने रविवार सुबह विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई में शहर के अलग-अलग हिस्सों से कुल 60 अवैध रेहड़ी-फड़ी संचालकों को हटाया गया और उनकी रेहड़ियां जब्त की गईं।

**सेक्टर-41 से शुरूआत...**नगर निगम की टीम ने अभियान की शुरूआत सेक्टर-41 से की, जहां स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बाद 16 अवैध वेंडरों को हटाया गया। लोगों ने लंबे समय से अतिक्रमण और आवाजाही में बाधा की शिकायत की थी।

**सेक्टर-20 में बड़ी कार्रवाई...**इसके बाद टीम सेक्टर-20 पहुंची, जहां बड़ी संख्या में बिना अनुमति आइसक्रीम रेहड़ी लगाने वाले वेंडर पाए गए। यहां से 37 अवैध रेहड़ी संचालकों को हटाया गया, जो निगम की इस कार्रवाई का सबसे बड़ा हिस्सा रहा।

**नया गांव बैरियर पर भी अभियान...**अभियान के तहत नया गांव बैरियर के पास भी कार्रवाई की गई, जहां 7 अवैध रेहड़ियां जब्त की गईं।

**शांतिपूर्ण ढंग से चला अभियान...**नगर निगम की इस पूरी कार्रवाई के दौरान कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। टीम ने व्यवस्थित तरीके से अभियान चलाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान भी काटे।

**निगम का संदेश...**नगर निगम ने साफ किया है कि शहर में अवैध वेंडिंग और अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे ताकि ट्रैफिक और सार्वजनिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# चंडीगढ़ में पेड़ों को नुकसान पहुंचाना पड़ेगा महंगा, 1 लाख तक जुमार्ने का प्रस्ताव केंद्र के पास

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। सिटी ब्यूटीफुल की हरियाली बचाने के लिए प्रशासन अब सख्त कानून लागू करने की तैयारी में है। पेड़ों को नुकसान पहुंचाने या अवैध कटाई करने पर एक लाख रुपये तक जुर्माना लगाने का प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही यह नियम पूरे शहर में लागू हो सकता है।

### पेड़ काटे या नुकसान पहुंचाया तो डबल मार

प्रस्ताव के अनुसार, दोषी व्यक्ति से न केवल पेड़ की कीमत वसूली जाएगी बल्कि इसके अलावा 1 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा। यह प्रावधान सेक्शन-11 के तहत लाया जा रहा है, जिससे पेड़ों की सुरक्षा को कानूनी मजबूती मिलेगी।

### 30 दिन में भुगतान, वरना ब्याज

जुर्माना लगने के बाद 30 दिनों के भीतर भुगतान करना अनिवार्य होगा। तय समय में भुगतान न करने पर हर महीने 1% साधारण ब्याज भी वसूला जाएगा।

### बिल्डिंग वॉयलेशन पर भी सख्ती




प्रस्ताव में अवैध निर्माण और प्रॉपर्टी के दुरुपयोग पर भी कड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं—

- **इंडस्ट्रियल/वेयरहाउस:** उल्लंघन पर ₹8 और दुरुपयोग पर ₹10 प्रति वर्ग फुट प्रतिदिन
- **कमर्शियल प्रॉपर्टी:** ₹6 से ₹8 प्रति वर्ग फुट प्रतिदिन
- **रिहायशी प्रॉपर्टी:** ₹4 से ₹6 प्रति वर्ग फुट प्रतिदिन
- **अपार्टमेंट/संस्थागत भवन:** ₹3 प्रति वर्ग फुट प्रतिदिन से शुरूआत

### केंद्र की मंजूरी का इंतजार

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार प्रस्ताव को विधि विभाग से मंजूरी मिल चुकी है और प्रशासक की सहमति के बाद इसे गृह मंत्रालय भारत को भेजा गया है। मंत्रालय की मंजूरी मिलते ही नियम लागू कर दिए जाएंगे।

### शहर में बढ़ते उल्लंघनों पर लगाम

अधिकारियों का मानना है कि नए नियम लागू होने से अवैध निर्माण, रिहायशी क्षेत्रों में कमर्शियल गतिविधियों और ग्रीनरी को नुकसान पहुंचाने जैसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा।

### व्यापारियों ने जताई चिंता

वहीं कैलाश चंद जैन ने कहा कि इस प्रस्ताव से व्यापारियों और उद्योगपतियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्होंने बताया कि पहले से ही बड़ी संख्या में कमर्शियल इमारतों को नोटिस जारी हैं और उनकी सुनवाई चल रही है।

# रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की 17वीं एजीएम आयोजित, वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

लुधियाना/यूटर्न/22 मार्च। रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, लुधियाना द्वारा अपनी 17वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन पर्सन भवन मिनी सचिवालय, लुधियाना में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल नैन ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन के महासचिव बी.सी. शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अविनाश गुप्ता (सेक्रेटरी जनरल बीपीएस), अशोक अरोड़ा (एमडी किप्स), एस.एस. खुराना, हंस राज माही, प्रेम चंद कश्यप, अशोक कुमार धांधू, जे.एस. संधू, तरसेम सिंह और स्वर्ण सिंह संधू शामिल रहे। एसोसिएशन के सदस्यों ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वित्त सचिव सी.पी. सिंह ने वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की।




# लुधियाना में NICASA द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन, 16 टीमों ने दिखाया दम



लुधियाना, यूटर्न, 22 मार्च। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) की लुधियाना शाखा (NICASA) द्वारा एक्सपीरियंस स्पोर्ट्स बैडमिंटन में एक ऊर्जावान और रोमांचक बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लड़कों और लड़कियों की कुल 16 टीमों ने युगल प्रारूप में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, तालमेल और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जिनमें कड़ी टक्कर देखने को मिली।

इस अवसर पर चेयरमैन सीए विकास गोयल, वाइस चेयरमैन सीए राकेश ग्रोवर, NICASA चेयरपर्सन सीए शिल्पी शर्मा और NIRC के पूर्व वाइस चेयरमैन सीए दिनेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। चेयरमैन सीए विकास गोयल ने फिटनेस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। वहीं, सीए शिल्पी शर्मा ने खेलों को अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्पोर्ट्स सेक्रेटरी आदित्य चड्ढा और ठक्कअरअ टीम ने किया, जिससे यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया।

# चंडीगढ़ बना 'नो फ्लाइंग जोन', 28 मार्च तक ड्रोन उड़ाने पर सख्त रोक



चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। वीवीआईपी मूवमेंट और सुरक्षा कारणों को देखते हुए शहर में कड़े कदम उठाए गए हैं। प्रशासन ने 23 से 28 मार्च तक पूरे चंडीगढ़ को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। इस अवधि में ड्रोन समेत सभी प्रकार के मानवरहित हवाई यानों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।यह आदेश निशांत कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया गया है।

### वीवीआईपी मूवमेंट बना मुख्य कारण

प्रशासन के अनुसार 27 और 28 मार्च को प्रस्तावित वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। हाल के समय में ड्रोन के जरिए हमलों की आशंकाओं को भी गंभीरता से लिया गया है।

### सुरक्षा एजेंसियों को छूट

हालांकि यह प्रतिबंध आम नागरिकों पर लागू होगा, लेकिन पुलिस, अर्धसैनिक बल, वायुसेना, एसपीजी और अधिकृत सरकारी एजेंसियों को इस आदेश से छूट दी गई है।

### उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा एजेंसियों को भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### सतर्कता बढ़ी, निगरानी कड़ी

इस आदेश के साथ ही शहर में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों और संवेदनशील इलाकों में विशेष चौकसी बरती जा रही है, ताकि किसी भी तरह की सुरक्षा चूक न हो।

## पंजाब में ड्रग और सामाजिक-आर्थिक जनगणना 6 अप्रैल से, 29 मार्च को बुलाई कैबिनेट की बैठक

पंजाब/यूटर्न/22 मार्च। पंजाब सरकार ने 29 मार्च को कैबिनेट बैठक बुला ली है। यह बैठक शाम 5 बजे मुख्यमंत्री आवास पर होगी। इस मीटिंग को काफी अहम माना जा रहा है। बैठक की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि सरकार अप्रैल महीने से ह्यड्रग और सामाजिक-आर्थिक जनगणनाह्ल शुरू करने जा रही है। इस जनगणना का उद्देश्य नशे के शिकार लोगों की वास्तविक संख्या और उनके पीछे के सामाजिक-आर्थिक कारणों का सटीक डेटा जुटाना है। इसके अलावा, 13 अप्रैल को बैसाखी के मौके पर बेअदबी के मुद्दे को लेकर विधानसभा का विशेष सत्र



भी बुलाया जाएगा। इसके अलावा लोगों को दिल जीतने के लिए कई फैसले लिए जाएंगे।

**बजट पेश करने के साथ ही सरकार इलेक्शन मोड में...**पंजाब सरकार अपना आखिरी बजट पेश करने के बाद ही लगभग इलेक्शन मोड में चल रही है। सीएम की कोशिश रोजाना एक हलके को टच करने की रहती है। इस दौरान

## एडवोकेट बिक्रमजीत आहलूवालिया बने शिअद के आरटीआई सेल के जिला प्रधान



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/22 मार्च। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से आरटीआई सेल का पुनर्गठन करते हुए एडवोकेट बिक्रमजीत सिंह आहलूवालिया को जिला बठिंडा का प्रधान नियुक्त किया है। रविवार को शिअद के बठिंडा शहरी हल्का के इंचार्ज इकबाल सिंह बबली ढिल्लों के कार्यालय में आहलूवालिया का मुंह मीठा करवा कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने बताया कि आहलूवालिया का परिवार लंबे समय से अकाली दल से जुड़ा हुआ है।

## 6 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर को किया काबू


-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/22/मार्च। थाना सिद्धवां बेट की पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पार्टी बस स्टैंड बंगसीपुरा में मौजूद थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि सतनाम सिंह उर्फ सत्ता (मूल निवासी मल्लेआणा, मोगा; हाल निवासी लीला मेघ सिंह, लुधियाना) हेरोइन बेचने का अवैध धंधा करता है। सूचना के अनुसार वह गांव लीला मेघ सिंह से जंडी जाने वाली लिंक रोड पर स्थित ड्रेन पुल के पास ग्राहकों का इंतजार कर रहा था।

सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस ने ड्रेन पुल पर रेड की और आरोपी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को 6 ग्राम हेरोइन के साथ मौके पर ही काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 21-61-85 NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है।

## बॉयफ्रेंड के घर पंखे से लटकी मिली युवती, 3 दिन पहले जालंधर से मोहाली मिलने गई थी

जालंधर/यूटर्न/22 मार्च। मोहाली के खरड़ में बॉयफ्रेंड के घर मे युवती की लाश पंखे से लटकी मिली। वह करीब डेढ़ साल से रिलेशन में थी और जालंधर से बॉयफ्रेंड के पास आई हुई थी। रविवार को युवती का शव जालंधर पहुंचा, तो परिजनों ने आरोपी युवक पर कार्रवाई की मांग की। युवती के भाई ने कहा कि इस मामले में आरोपी युवराज का हाथ है। दोनों के बीच संबंधों में कुछ अनबन हुई, जिससे आरोपी ने उसे इस कदर मजबूर किया कि उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। मृतका की पहचान अनामिका के



नाम से हुई, जो जालंधर के हरदयाल नगर की रहने वाली थी। हालांकि आरोपी के परिवार ने आरोपों को निराधार बताया है। वहीं पुलिस ने धारा-174 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अभी इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

**19 मार्च की रात पहुंची, सुबह मिला शव...**जानकारी के अनुसार, जालंधर के हरदयाल नगर की रहने वाली युवती और आरोपी युवक युवराज के बीच लंबे समय से जान-पहचान थी और वे एक-दूसरे के काफी करीब थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि 19 मार्च को युवती अपने दोस्त युवराज से मिलने के लिए जालंधर से खरड़ गई थी। बताया जा रहा है कि वह रात करीब 11:30 बजे खरड़ स्थित युवराज के आवास पर पहुंची थी, लेकिन अगले ही दिन यानी 20 मार्च को घर के अंदर पंखे से लटकता हुआ उसका शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंची खरड़ पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

## टी-20 विश्व कप जीतने पर एचडीसीए ने मनाया जश्न, खिलाड़ियों को दी प्रेरणा देने की नसीहत



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/22 मार्च। एचडीसीए होशियारपुर की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा टी-20 विश्व कप जीतने की खुशी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एचडीसीए के खिलाड़ियों को मिठाइयां बांटी गई व भारतीय क्रिकेट जिंदाबाद, भारत माता की जय के जयघोष के साथ बच्चों ने भारत के विश्व विजेता होने की उत्सव मनाया। इस अवसर पर एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने खिलाड़ियों को मन लगाकर कड़ी मेहनत करने व पंजाब व देश के लिए खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंनें कहा कि आज कड़ी मेहनत कर ही हम क्रिकेट में राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय मकाम हासिल कर सकते है। उन्होंनें आशा व्यक्त की कि जिस लगन से एचडीसीए कोच बच्चों को मेहनत करवा रहे है, इससे आने वाले दिनों में होशियारपुर से कोई-न-कोई खिलाड़ी भारतीय टीम के लिए अपनी दावेदारी पेश करेगा। भारतीय टीम के विश्व कप जीतने के अवसर पर एचडीसीए अध्यक्ष दलजीत सिंह खेला ने समूह भारतीय टीम को बधाई देते हुए बच्चों से खूब मन लगाकर मेहनत कर अपने माता-पिता व होशियारपुर का नाम रोशन करने की बात कही। इस मौके पर जिला कोच दलजीत सिंह, जिला ट्रेनर व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कुलदीप धामी, पंकज कुमार, दिनेश शर्मा, ग्राउंडमैन सोढीराम, जिला महिला कोच दविंदर कल्याण, जूनियर कोच निकिता कुमारी ने भारतीय क्रिकेट टीम को विश्व विजेता बनने की बधाई दी। इस अवसर पर एचडीसीए के सचिव विवेक साहनी, डा. पंकज शिव, मनोज ओहरी, ठाकुर योगराज के अलावा एचडीसीए के वरिष्ठ खिलाड़ी सतप्रीत साबी, सोनू ठाकुर, जसवीर सिंह, अनिल हंस, नरेश कालू, तारा चंद, अमित ठाकुर, कुलवीर हैप्पी, आदि ने भी बधाई दी।



Wamiqa Gabbi

# सोनीपत में अपहरण के बाद मुठभेड़, 2 को गोली लगी; पांच गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/22 मार्च। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शुक्रवार देर रात सोनीपत जिले के मुरथल इलाके में एक मुठभेड़ के बाद पांच बदमाशों को पकड़ लिया। दो बदमाशों को गोली लगी। उन्होंने होली के दिन बहादुरगढ़ के बरानी फोर्ट पुरा गांव से एक बच्चे का अपहरण किया था और बच्चे को छोड़ने के बदले 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी।

यह बच्चा एक शिक्षण संस्थान के मालिक का पोता है। 4 मार्च को झज्जर जिले के बेरी पुलिस स्टेशन में अपहरण और फिरौती का मामला दर्ज किया गया था। एसटीएफ और बहादुरगढ़ पुलिस इस मामले की जांच कर रही थीं। यह मुठभेड़ आधी रात को यमुना के पास मेहंदीपुर गांव के पास हुई।



## दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

इस बीच, एसटीएफ की रोहतक यूनिट ने दो आरोपियों बरानी फोर्ट पुरा के मनीष और कंसाला गांव के मोनू को पकड़ा और उन्हें एसटीएफ बहादुरगढ़ के हवाले कर दिया। एसटीएफ ने एक और आरोपी कंसाला गांव के गोविंद को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान, एसटीएफ ने आरोपियों से 2.1 करोड़ रुपये बरामद किए। आरोपियों से पूछताछ के दौरान, पुलिस को पांच और आरोपियों के बारे में सुराग मिले। एसटीएफ के प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात उन्हें मेहंदीपुर गांव में बदमाशों की मौजूदगी के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी।

## पुलिस टीम पर की फायरिंग

इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, बदमाशों ने गोली चला दी। एक गोली एएसआई विकास की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी और दूसरी गोली एएसआई धर्मवीर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी कार्रवाई में, पुलिस ने भी गोली चलाई और दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि जिन बदमाशों को चोटें आई हैं, उनकी पहचान रोहतक ज़िले के कंसाला गांव के चित्रनंदन उर्फ मंजीत और विनी के रूप में हुई है। तीन अन्य आरोपी रोहतक के मकडोली गांव के दीपांशु उर्फ छोटा और अशोक उर्फ शोकी, और भाली आनंदपुर का रोहित को भी मौके से गिरफ़्तार कर लिया गया है।

## जख्मियों को अस्पताल भर्ती कराया

पांचों आरोपियों के खिलाफ मुरथल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी दीपांशु, अशोक और रोहित को आगे की जांच के लिए सोनीपत पुलिस को सौंप दिया गया है। राकेश ने बताया कि चोटिल हुए दो आरोपियों को खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह मेडिकल कॉलेज फॉर विमेन में भर्ती कराया गया है। किडनैपिंग और फिरौती के इस मामले के मास्टरमाइंड कंसाला गांव के मोनू और मंजीत थे। उन्होंने बताया कि मोनू, बरानी फोर्ट पुरा गांव के आरोपी मनीष का साला है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो पिस्तौल, कारतूस और एक गाड़ी जब्त की गई है।

**उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने होली के दिन झज्जर जिले के बरानी फोर्ट पुरा गांव में इज्ज्ट नर्सिंग कॉलेज के मालिक सतबीर सिंह के आठ साल के पोते हुनरजीत का अपहरण कर लिया था और बच्चे को छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये की मांग की थी। परिवार वालों ने पैसे जुटाए, उन्हें दिए और बच्चे को सुरक्षित घर ले आए।**

# हृदय रोगों की महामारी का एक कारण ट्रांस फैट !

## वैज्ञानिकों की चेतावनी के बावजूद सरकार नहीं दे रही ध्यान

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 22 मार्च। समाज में बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामलों जिसमें काफी संख्या में युवा वर्ग भी शामिल है ठीक कर्म में ट्रांस फैट भी मुख्य कारण माना जाने लगा है ट्रांस फैट भले ही हृदय रोगों का महामारी बनने के कारणों में आज मुख्य कारण माना जा रहा है परन्तु वैज्ञानिकों की चेतावनियों के बावजूद सरकारें अभी जागरुक नहीं हुई। जिसके चलते किसी भी खाद्य पदार्थ में ट्रांस फैट है या नहीं अभी तक राज्य में एक भी सैंपल की जांच नहीं हुई हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार ट्रांसलेट रक्त में अच्छे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है जबकि बुरे कोलेस्ट्रॉल को काफी बढ़ा देता है जिससे हृदय रोग का खतरा उत्पन्न हो जाता है पर हृदय धमनियों में जमकर रक्त आपूर्ति का मार्ग अवरुद्ध करने लगता है। फलस्वरूप इसका परिणाम हार्ट अटैक, हृदय धमनी रोग के रूप में सामने आता है।

यह वनस्पति यानी पार्शियल हाईड्रोजेनेटिड वैजीटेबल ऑयल, सरसों के तेल को अधिक गर्म करने पर इनमें कृत्रिम फैट के रूप में उत्पन्न होता है। यही नहीं माहिर इसे कैंसर, मधुमेह, ब्लड प्रैशर बढ़ने का भी कारण मानने



**लगते हैं। सूत्र बताते हैं कि राज्य में अभी तक ट्रांस फैट के लिए किसी लैब में इंफ्रास्ट्रक्चर ही नहीं है।**

### राज्य में एक भी सैम्पल की नहीं हुई जांच

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ...**एक प्रमुख हार्ट सर्जन के अनुसार खाद्य वस्तुओं के अलावा जब घर पर इस्तेमाल करने वाले किसी तेल को इतना गर्म किया जाता है कि उसमें धुआं निकलने लग जाए तो इसका मतलब कि इसमें ट्रांस फैट बनने लग गया है। बार-बार गर्म कर इस्तेमाल में लाना बहुत खतरनाक है क्योंकि उनमें ट्रांस फैट की मात्रा बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल शीघ्र गर्म होता है उसमें ट्रांस फैट अधिक घनता है। इसलिए लोगों की ऐसे तेल खाने को कहा जाता है जिनका स्मोक प्वाइंट अधिक है। वे जल्दी धुआं नहीं छोड़ते।

पंचम अस्पताल के हृदयरोग विशेषज्ञ डा.आर.पी. सिंह, जो खाद्य तेलों पर एक शोध भी कर चुके हैं, का कहना है कि किस तेल में दशाई गई घटकों की मात्रा सही है या नहीं। इस पर भी अभी जांच होनी बाकी है। फिर निरंतर एक तेल का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि किसी तेल में किसी एक घटक की मात्रा खाद्य कम है ती किसी दूरसे वेल में अधिक, इसलिए तेलों में एक समान तत्वों संबंधी कड़े दिशा-निर्देश अभी लागू नहीं किए गए। इसके अलावा सरसों के तेल को गर्म करना नहीं चाहिए बल्कि सब्जियां बनाते समय इसे बिना गर्भकिए सब्जियों में साथ ही डाला जान्न चाहिए। तेल गर्म कर इस्तेमाल करने से बनने वाला ट्रांस फैट हार्ट के लिए खतरनाक और जानलेवा है।

**किन वस्तुओं में मिलता है ट्रांसफेट...**बाजार में मिलने वाले फास्ट फूड, पिज्जा बर्गर के अलावा बेकरी उत्पादों में यह भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इनमें पेस्ट्री पैटी, बिस्कुट, केक पर लगाई जाने वाली क्रीम के अलावा डीप फ्राई वस्तुओं जिनमें पूरी, समोसे, पकौड़े व अन्य फ्राइड वस्तुएं शामिल हैं। अगर कोई व्यक्ति 3 से 4 ग्राम ट्रांस फैट का सेवन रोज करता है तो तसे हृदय व अन्य रोगों का खतरा 25 प्रतिशत बढ़ जाता है। हैदराबाद स्थित इंस्टीच्यूट ऑफ न्यूट्रीशियन के वैज्ञानिक काफी पहले से ही इस संबंधी चेताधानियां दे चुके हैं।

**बाजार में तेल को बार-बार किया जाता है गर्म, बन जाता है जहर...**वनस्पति तेलों व सरसों के तेल का बार बार गर्म कर इस्तेमाल करना आम है। कोई भी दुकानदार तेल को एक बार इस्तेमाल कर नहीं फैकता। लिहाजा तेलों से घातक खतरे बने रहते हैं।

सूत्र ती यह भी बताते हैं कि जब बड़े दुकानदारों द्वारा बार-बार तेल के इस्तेमाल से वह काला पड़ जाता है तो उसे रेहड़ी वालों की बेच दिया जाता है। जो सीधा जहर का काम करता है और पहले पेट में जाने पर पेट के अलसर के रूप में अपना प्रभाव छोड़ता है।

श्रद्धांजलि



हमारे आदरणीय
स्व. श्री तिलक राज जैरथ
के निधन पर हम गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं व परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

उनके निमित्त प्रार्थना सभा 23 मार्च 2026 को दोपहर 2 से 3 बजे तक दुर्गा माता मंदिर, सराभा नगर, लुधियाना में होगी।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता
Renu Mahendru - Surinder Mahendru
Madhu Kothari- Gopi Kothari
Pinki Sehgal - MP Sehgal
Minakshi Bhasin - Davinder Bhasin

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372